2024-25 (1)

29/05/2024 दैनिक भास्कर

## पोस्टर मेकिंग में कोमल प्रथम, रितिक द्वितीय व खुशी तृतीय



भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा के एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अंजलि पांचाल के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने तंबाकू विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, रितिक द्वितीय व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण व युवाओं को बीमारियों से बचाने के उपाय बताए।

इस मौके पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह के साथ ही नीलम यादव, डॉ. योगेंद्र, बिंदु, ज्योति, सुनीता, अंजू, बिरेंद्र, रविंद्र, रामपाल, सुखबीर, सुशीला, जय भगवान, जितेंद्र, आनंद व मधुबाला आदि उपस्थित रहे।

04/06/2024 दैनिक भास्कर

### इस शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं लगनी शुरू

## रीजनल सेंटर को 9 साल बाद मिला खुद का भवन



भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

गांव कृष्ण नगर में चल रहे भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर में छात्राओं के लिए आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है। जिसमें इस शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं लगनी आरंभ हो गई।

सेंटर के लिए 4 मंजिला बिल्डिंग तैयार की गई है। 22 अप्रैल को भवन का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। बता दें कि 11 अगस्त 2014 से रीजनल सेंटर को गांव के ही प्राइमरी स्कूल के पुराने भवन में चलाया जा रहा था। सेंटर के लिए ग्राम पंचायत ने 25 एकड़ भूमि प्रदान की, जिस पर अब नया भवन बनाया जा चुका है। भवन में अब नई शिक्षा नीति के तहत कोर्स चलाए जाएंगे। विभिन्न यूजी व पीजी के विषय की भी विश्वविद्यालय प्रबंधन से मांग की गई है। सेंटर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि रीजनल सेंटर का आरंभ वर्ष 2014 में बीए की 18 सीट से हुआ था, जिसमें अब बीए की 100 सीट है। बीएससी नॉन मेडिकल की 60 सीट, बीकॉम ऑनर्स की 60 और पीजी में राजनीतिक विज्ञान की 40 व एमए अंग्रेजी की 30 सीट उपलब्ध हैं।

### नए भवन में यह खास

सेंटर के नए भवन में छात्राओं के लिए ई-लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध है। कंप्यूटर लैब के साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी लैब भी हैं। इस भवन में टीचिंग के लिए 18 कमरों के साथ ही लैब के लिए भी 6 अलग-अलग कमरे हैं। सेंटर के निदेशक ने बताया कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए एनएसएस यूनिट और अनुभवी फैकल्टी है। छात्राओं के आने-जाने के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध है। नए भवन में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। सेंटर में इस समय विभिन्न कोर्स में लगभग 500 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। नए भवन में छात्राओं के लिए भविष्य में अलग से हॉस्टल भी तैयार होगा। साथ ही भविष्य में स्टाफ के लिए रेजीडेंस भी बनाने का प्रस्ताव है।

दैनिक भास्कर

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर... 27 जून तक रजिस्ट्रेशन, 5 जुलाई को पहली लिस्ट लगेगी

भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण हरियाणा में एकमात्र रीजनल सेंटर कृष्णा नगर में ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। सेंटर में यूजी कोर्स के लिए बैचलर ऑफ आर्टस, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स के अलावा पीजी कोर्स के लिए एमए अंग्रेजी व एमए राजनीति विज्ञान में 4 जून से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होकर 27 जून तक चलेगी। सेंटर में इस बार दाखिले नई शिक्षा नीति के अनुसार ही होंगे। सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि पहली मेरिट लिस्ट 5 जुलाई, दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई और तीसरी मेरिट लिस्ट 13 जुलाई को लगेगी। सभी छात्राएं जिसका नाम जिस भी वरीयता सूची में आएगा, उनको ऑनलाइन फीस अगली वरीयता सूची से पहले भरनी होगी तथा ऑरिजनल प्रमाण पत्र और उनकी स्वयं सत्यापित कॉपी दाखिले के समय साथ लानी है। इसके बाद फिजिकल काउंसलिंग की चौथी मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को लगेगी। छात्राएं जो दाखिला लेना चाहती है, उन्हें रजिस्ट्रेशन लिंक https://bpsmvoq.digi taluniversity.ac/log in पर आवेदन कर सकते हैं। जिसकी रजिस्ट्रेशन फीस एससी, बीसी की 125 रुपए व सामान्य की 500 रुपए हैं। छात्राओं को यह ध्यान रखना है कि दाखिले से पहले रजिस्ट्रेशन जरूरी है। उसके बाद ही मेरिट लिस्ट में नंबर आएगा, तभी फीस भरी जा सकेगी। प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि छात्राओं की सुविधा रीजनल सेंटर में हेल्प डेस्क लगा रखी है। जो भी छात्रा जिस भी कोर्स में अपना रजिस्ट्रेशन कराना चाहती है, वह संस्थान में पहुंचकर कर सकती हैं। इसके अलावा नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले दाखिले से संबंधित भी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

(2)

अमर उजाला 06/04/2024

## महिला शिक्षा के लिए अतुलनीय योगदान दिया

**कोसली।** गांव कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का राजकीय महिला रीजनल सेंटर में इतिहास विभाग के डॉ. अनिल कुमार ने व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें कंवाली स्थित श्रीकृष्णा राजकीय महाविद्यालय से इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कर्मवीर को आमंत्रित किया गया। डॉ. कर्मवीर ने कहा कि क्रांतिकारी और सामाजिक सुधार आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की। महर्षि दयानंद सरस्वती का विशेष प्रभाव था। महिला शिक्षा के लिए अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि सुधार से ही किसी राष्ट्र के विकास की भूमिका टिकी हुई है। इस मौके पर डॉ. अनीता देवी, डॉ. रेनू यादव, नीलम यादव, सोनिया यादव, अंजलि पांचाल, विपुल यादव, सचिन कुमार, ज्योति, अंजू, बिट्टू, बिंदु, मधुबाला, वीरेंद्र, सुनीता, नीरू, मंजू रानी, सुशीला, रविंद्र, सरिता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संवाद

दैनिक भास्कर 07/04/2024

## भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और आर्य समाज की भूमिका से छात्राओं को अवगत कराया

### कृष्ण नगर महिला रीजनल सेंटर में एक्सटेंशन लेक्चरर



**नाहड़** | कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में डॉ अनिल कुमार के सौजन्य से एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री कृष्ण राजकीय महाविद्यालय कंवाली के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. कर्मवीर ने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और आर्य समाज की भूमिका विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज आंदोलन भारत का वह आंदोलन है जिसने सभी क्रांतिकारी और सामाजिक सुधार आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की और क्रांतिकारियों में महर्षि दयानंद सरस्वती का विशेष प्रभाव था तथा आर्य समाजियों की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका रही है। महिला शिक्षा के लिए अतुलनीय योगदान स्कूल और कॉलेजों का नेटवर्क स्थापित किया और भारतीय संस्कृति के महत्व एवं ज्ञान को समझने के लिए नारा दिया कि वेदों की ओर लौटो। रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने कहा कि आर्य समाज और राष्ट्रीय आंदोलन जो सामाजिक हो या धार्मिक उसमें सुधार से ही किसी राष्ट्र के विकास की भूमिका टिकी हुई है और उसमें भी महिलाओं की शिक्षा में जो योगदान आर्य समाज का है उसका परिणाम यह है कि आज महिलाओं को शिक्षा में बराबर के अवसर मिल रहे हैं। इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. अनीता देवी, डॉ. रिनू यादव, नीलम यादव, सोनिया यादव, अंजलि पांचाल, विपुल यादव, सचिन कुमार, ज्योति, अंजू बिंदु, मधुबाला, वीरेंद्र, सनिता, नीरु, मंजूरानी, सुशीला, रविंद्र, सविता व अन्य मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 30/04/2024

## कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठों को दी विदाई





रीजनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व स्टाफ सदस्य • सौ. सेंटर

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में सोमवार को अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा संजोगिता, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा आशा, बीकाम आनर्स अंतिम वर्ष की छात्रा रीतिका, एमए राजनीति अंतिम वर्ष की छात्रा रेनू व एमए अंग्रेजी अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका सुनीता यादव, पूजा यादव व नीलम यादव ने निभाई। रीजनल सेंटर में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाशाली छात्राओं का चयन मिस फेयरवेल के लिए किया गया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डा. अनिल कुमार, डा. अनिता देवी, अंजलि यादव, डा. योगेंद्र, प्रवेश भारद्वाज, डा. राकेश, प्रदीप, सोनिया यादव, प्रदीप मंजूरानी, विपुल यादव, ज्योति, सुनिता, सविता, मधुबाला, निर्मला, सुशीला, विरेन्द्र, रविंद्र व छात्राओं जागृति, कोमल, रीतिका व मुस्कान का योगदान उल्लेखनीय रहा।

दैनिक भास्कर 30/04/2024

## संजोगिता, आशा व रीतिका बनीं मिस फेयरवेल





**कोसली।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीए और एमए अंतिम वर्ष की छात्राओं को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम जागृति कोमल रितिका मुस्कान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा संजोगिता, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा आशा और बीकॉम ऑनर्स से अंतिम वर्ष की छात्रा रीतिका को मिस फेयरवेल चुना गया। एमए पॉलिटिकल साइंस अंतिम वर्ष की छात्रा रेनू और एमए इंग्लिश अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका सुनीता यादव पूजा, यादव व नीलम यादव ने निभाई। मौके पर प्रोफेसर बलबीर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अनीता देवी, अंजली यादव, डॉ. रेनू आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला 30/04/2024

## रीजनल सेंटर की फेयरवेल पार्टी में संयोगिता, आशा और रितिका चुनी गई मिस फेयरवेल





**नाहड़** | महिला रीजनल सेंटर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बीए तथा एमए अंतिम वर्ष की छात्राओं को मिस फेयरवेल चुना गया। रीजनल सेंटर की छात्राएं जागृति कोमल रितिका मुस्कान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा संजोगिता को मिस फेयरवेल चुना गया। बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा आशा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाज गया। बीकॉम ऑनर्स से अंतिम वर्ष की छात्रा रीतिका को मिस फेयरवेल चुना गया। एम.ए पॉलिटिकल साइंस अंतिम वर्ष की छात्रा रेनू को मिस फेयरवेल चुना गया। एम.ए इंग्लिश अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका सुनीता यादव पूजा यादव व नीलम यादव ने निभाई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर रीजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अनीता देवी, अंजली यादव, डॉ. रेनू यादव डॉ. योगेंद्र प्रवेश भारद्वाज, डॉ. राकेश, प्रदीप सोनिया आदि मौजूद थे।

2024-25 (3)

दैनिक भास्कर 15/06/2024

दैनिक भास्कर

मिशन एडमिशन • इस शैक्षणिक सत्र से सेंटर के नए भवन में शुरू हुई पढ़ाई

# कृष्ण नगर रीजनल सेंटर में 290 सीटों पर दाखिले के लिए 27 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

भास्कर न्यूज़ | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के ज़िले के एकमात्र कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि नारी शिक्षा व सशक्तीकरण के मूल उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हुए विश्वविद्यालय विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। इसी कड़ी में कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी की कुल 290 सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यूजी पाठ्यक्रमों के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी में 100 सीटें, चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी में 60 सीटें तथा चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) में 60 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा कृष्ण नगर सेंटर में पीजी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत एमए (इंग्लिश) में 30 सीटें तथा एमए (पॉलिटिकल साइंस) में 40 सीटें उपलब्ध हैं।



कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर की नई बिल्डिंग।

### ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध



कुलपति ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है; जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। संबंधित कोर्स में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून है। सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, आवेदन फ्रीस, कोर्स की फीस, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया, प्रॉस्पेक्टस, अन्य संबंधित जानकारी महिला विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर उपलब्ध है।

दैनिक भास्कर 22/06/2024

## पोस्टर के माध्यम से योग का महत्व बताया



नाहड़| महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया। एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी अंजलि पांचाल के नेतृत्व में छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने योग दिवस की शुरूआत की। इस अवसर पर छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार डॉ. रीनू यादव डॉ. राकेश प्रदीप, अंजलि पांचाल, सोनिया यादव, पूजा यादव, ज्योति आदि मौजूद थे।

01/06/2024 दैनिक भास्कर

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी-पीजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन की तिथि 3 जुलाई तक बढ़ाई

रेवाड़ी | भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में दाखिला प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रो. सुदेश ने सभी यूजी व पीजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन करने के लिए अंतिम तिथि को 3 जुलाई तक बढ़ाया है। अभी रीजनल सेंटर का नया आधुनिक भवन मिल गया है। जिसमें फिलहाल 290 सीटों पर यूजी व पीजी कोर्स चल रहे हैं। सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि बीए ऑनर्स मल्टीडिस्प्लिनरी में 100, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स में 60 और बीकॉम ऑनर्स में 60 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा एमए अंग्रेजी में 30 व एमए राजनीतिक विज्ञान में 40 सीटें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह आधुनिक भवन, जिसमें आधुनिक लैब, खेल परिसर, यातायात के लिए बस, कंप्यूटर लैब, सीसीटीवी कैमरा, एनएसएस यूनिट, आरओ वाटर कूलर तथा रेवाड़ी से रीजनल सेंटर तक आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध है।

(4)

28/06/2024 दैनिक जागरण

# भगत फूलेसिंह महिला विवि के रीजनल सेंटर में दाखिला प्रक्रिया जारी




संवाद सहयोगी, जागरण, कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूलेसिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर दाखिला प्रक्रिया जारी है। ग्रामीण छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने सभी स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्सों में पंजीकरण के लिए आवेदन की तिथि को तीन जुलाई तक बढ़ा दिया है।

यह जानकारी निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने बताया रीजनल सेंटर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन मिल गया है। बीए (आनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी में 100 सीटें, बेचलर आफ फिजिकल साइंस आनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी में 60 सीटें तथा बीकाम आनर्स में 60 सीटें उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन कोर्स की सीटें नई राष्ट्रीय शिक्षानीति के अनुसार भरी जाएगी। इसके अतिरिक्त तथा एमए अंग्रेजी में 30 सीटें व एमए राजनीतिक विज्ञान में 40 सीटें उपलब्ध हैं।

निदेशक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित रीजनल सेंटर के आधुनिक भवन में आधुनिक लेब, खेल परिसर, कम्प्यूटर लैब, परिसर में सीसीटीवी कैमरे, एनएसएस यूनिट, आरओ वाटर कूलर तथा रेवाड़ी से रीजनल सेन्टर तक आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध हैं।

## आइजीयू में दाखिलों के लिए 29 तक कर सकेंगे आवेदन

जासं, रेवाड़ी: मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों (यूटीडी) में चल रहे विभिन्न कोर्सों में आवेदन की तिथि 29 जून तक बढ़ा दी है। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर 29 जून रात्रि 11:59 बजे तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। अकादमिक शाखा की ओर से जारी सूचना अनुसार अतिरिक्त प्रवेश परीक्षा एवं काउंसलिंग का शेड्यूल पहले वाला ही रहेगा। सूचना विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इससे उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जिन्होंने किसी कारण से अभी तक आनलाइन आवेदन नहीं किया था। विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे। इससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय मिल गया है।

04/07/2024 दैनिक भास्कर

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी व पीजी की प्रथम मेरिट लिस्ट कल होगी जारी

**लिस्ट में जिनका नाम आएगा, वे छात्राएं 8 तक भर सकेंगी फीस**

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

भगत फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी व पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए 5 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिसकी फीस 8 जुलाई तक भरी जाएगी। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी। जिसकी ऑनलाइन फीस 11 जुलाई तक जमा की जाएगी।



सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि तीसरी मेरिट लिस्ट 13 जुलाई को जारी होगी। जिसकी फीस 15 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक भरी जाएगी। इसके बाद फिजिकल काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी। जिसकी फीस 18 जुलाई तक ऑनलाइन भरी जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 20 जुलाई को जिसकी फीस उसी दिन 5 बजे तक भरी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में यूजी कोर्स में दाखिले नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार होंगे। जिसके तहत सेंटर में बीए ऑनर्स मल्टीडिस्पिलनरी में 100, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स में 60 और बीकॉम ऑनर्स में 60 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा एमए अंग्रेजी में 30 व एमए राजनीतिक विज्ञान में 40 सीटें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सेंटर का यह आधुनिक भवन जिसमें आधुनिक लैब, खेल परिसर, यातायात के लिए बस, कंप्यूटर लैब, परिसर में सीसीटीवी कैमरा, एनएसएस यूनिट, आरओ वाटर कूलर तथा रेवाड़ी से रीजनल सेंटर तक आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध है।

## एडमिशन के लिए ये कागजात लेकर आने जरूरी

सेंटर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि छात्राएं अपने सभी ओरिजनल प्रमाण पत्र और उनकी फोटो कापी के साथ अपनी एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि एससी कैटेगरी से संबंधित छात्राएं अपना नया 2.5 लाख से कम का इनकम सर्टिफिकेट लेकर आएं। जिससे उनकी जीरो फीस स्लीप कटेगी। जो बाद में स्कॉलरशिप आने पर जरूर भरनी होगी। उन्होंने बताया कि छात्राओं की फीस ऑनलाइन जमा होगी। इसलिए छात्राओं को एटीएम व बैंक अकाउंट से लिंक अपना मोबाइल नंबर लेकर आना होगा। जानकारी के लिए सेंटर में भी संपर्क किया जा सकता है।

04/07/2024 दैनिक जागरण

# यूजी-पीजी कोर्सों की मेरिट सूची पांच को होगी जारी

संवाद सहयोगी,जागरण • कोसली: कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों के लिए पहली मेरिट सूची पांच जुलाई को जारी की जाएगी। निदेशक प्रो.बलबीर सिंह ने बताया कि फीस आठ जुलाई तक जमा कराई जा सकती है। इसके बाद द्वितीय मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी, जिसकी आनलाइन फीस 11 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। तृतीय मेरिट लिस्ट 13 जुलाई को जारी होगी, जिसकी फीस 15 जुलाई को दोपहर दो बजे तक जमा कर सकते हैं। फिजिकल काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी, जिसकी फीस 18 जुलाई तक आनलाइन जमा की जाएगी। दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 20 जुलाई को होगी, जिसकी फीस शाम पांच बजे तक जमा की जाएगी। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि छात्राएं सभी मूल प्रमाणपत्र व उनकी फोटो कापी व अपनी एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं। एससी कैटेगरी से संबन्धित छात्राएं आय का नवीनतम सर्टिफिकेट भी लेकर आएं।

06/07/2024 दैनिक जागरण

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी पीजी की प्रथम वरीयता सूची जारी

**आवेदन के लिए 15 जुलाई के बाद फिर खुलेगा पोर्टल**

नाहड़ | कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर की यूजी-पीजी कोर्सों की प्रथम कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है। बीए ऑनर्स मल्टीमीडिया डिसीप्लीनरी में ऑल इंडिया ओपन 86.40%, हरियाणा जनरल ओपन में 75.40%, एससी में 64.4%, बीसी -ए में 61.4%, बीसी- बी में 65.29% तक दाखिले की सूची जारी हुई है तथा बाकी कैटेगरी की सीटें खाली रही। इसी प्रकार बैचलर का फिजिकल साइंस ऑनर्स मल्टी डिसीप्लीनरी ऑल इंडिया ओपन में 88%, हरियाणा जनरल 78.40%, बीसीए में 70.4%, बीसीबी में 74% दाखिले की सूची जारी हुई, बाकी कैटेगरी की सीट खाली रही। बीकॉम ऑनर्स में ऑल इंडिया ओपन 81.20%, हरियाणा जनरल ओपन में 60.4% दाखिले की सूची जारी हुई है। इन सभी कोर्सों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार दाखिले हो रहे हैं।

इसके अतिरिक्त पीजी कोर्स एमए अंग्रेजी की प्रथम वरीयता सूची ऑल इंडिया ओपन 72.38%, हरियाणा जनरल ओपन 48.50% तक दाखिले की सूची जारी हुई। एमए राजनीति विज्ञान में ऑल इंडिया ओपन 65.8% हरियाणा जनरल ओपन में 55.22% तक दाखिले की सूची जारी हुई। इस प्रथम वरीयता सूची की फीस 8 जुलाई तक ऑनलाइन भरी जाएगी। निदेशक - प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि जो छात्राएं आवेदन नहीं कर पाई है उन ग्रामीण छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 15 जुलाई के बाद पोर्टल दोबारा ओपन करवाया जाएगा ताकि कोई भी छात्रा दाखिले से वंचित न रहे। एमए अंग्रेजी तथा एमए पॉलिटिकल साइंस के दाखिले के लिए भी छात्राएं संपर्क करें।



06/07/2024 दैनिक भास्कर

# मेरिट सूची जारी, दाखिले के लिए पहुंची छात्राएं



कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में दाखिला प्रक्रिया में शामिल छात्राएं • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण. कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की स्नातक व स्नातकोतर की प्रथम कटआफ सूची शुक्रवार को जारी की गई। बीए आनर्स मल्टी डिसीप्लिनरी में आल इंडिया ओपन में 86.40 प्रतिशत तक, हरियाणा जनरल ओपन में 75.40 प्रतिशत तक, एससी में 64.4 तक, बीसीए में 61.4, बीसीबी में 65.2 प्रतिशत तक दाखिले की सूची जारी हुई। शेष कैटेगरी की सीटें खाली रही।

बैचलर आफ फिजिकल साइंस मल्टी डिसीप्लिनरी में आल इंडिया ओपन में 88 प्रतिशत तक, हरियाणा जनरल में 78.40 तक, बीसीए में 70.4 तक, बीसीबी में 74 तक दाखिले की सूची जारी हुई, बाकी कैटेगरी थी सीटें खाली रहीं। इसी प्रकार बीकाम (आनर्स) में आल इंडिया ओपन 81.20 तक, हरियाणा जनरल ओपन में 60.4 प्रतिशत तक दाखिले की सूची जारी हुई, इन सभी कोर्स में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार दाखिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त पीजी कोर्सों में एमए अंग्रेजी की प्रथम वरीयता सूची में आल इंडिया ओपन में 72.38 और हरियाणा जनरल ओपन में 48.50 तक दाखिले की सूची जारी हुई । एमए राजनीतिक विज्ञान में आल इंडिया ओपन में 65.89, हरियाणा जनरल ओपन में 55.22 तक दाखिले की 65.8 प्रतिशत तक सूची जारी हुई है। प्रथम वरीयता सूची की फीस आठ जुलाई तक आनलाइन माध्यम से जमा की जाएगी। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण छात्राओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, जो छात्राएं यूजी और पीजी कोर्सों में पंजीकरण व आवेदन से वंचित रह गई हैं, उनके लिए दोबारा से 15 जुलाई के बाद पोर्टल ओपन करवाया जाएगा ताकि कोई भी छात्रा दाखिले से वंचित नहीं रहे।

16/07/2024 दैनिक भास्कर

# सरकारी महिला रीजनल सेंटर में आवेदन से वंचित छात्राओं को मौका



नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी तथा पीजी कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया जारी है। जिसमें ग्रामीण छात्रों के लिए मौका है कि वे जल्द ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। छात्राओं को सभी कोर्सों की जानकारी देने के लिए सहायक प्रो. की हेल्प डेस्क की व्यवस्था है। छात्राएं अपने सभी प्रमाण पत्र ओरिजिनल और उनकी फोटो कॉपी सेल्फ अटेस्टेड लेकर आएं। एससी कैटेगरी की छात्राएं जिनके पास 3 लाख रुपए से कम का नया आय प्रमाण पत्र है। उनसे फीस नहीं ली जाएगी। लेकिन, उन्हें पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप भरनी होगी तथा स्कॉलरशिप मिलने के बाद फीस जरूरी भरनी होगी। रीजनल सेंटर कृष्णा नगर के यूजी तथा पीजी के इंचार्ज डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जो छात्राएं पहले रजिस्ट्रेशन करा चुकी थी। जिन्होंने दाखिला अभी तक नहीं लिया है वे छात्राएं 16 से 18 जुलाई तक रीजनल सेंटर पहुंचकर दाखिला ले सकती हैं। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि नई छात्राओं के लिए सभी कोर्सों में ऑनलाइन आवेदन फिर से किया जाएगा। दाखिला लेने वाली छात्राएं रीजनल सेंटर में संपर्क करें। इसके अतिरिक्त तीसरे, पांचवें सेमेस्टर के सभी कोर्सों की ऑनलाइन फीस 22 जुलाई से 10 अगस्त तक भरी जाएगी। इसके बाद लेट फीस लगेगी। रीजनल सेंटर में रेगुलर कक्षाओं का आरंभ 22 जुलाई से किया जाएगा।

16/07/2024 दैनिक जागरण

# 'रीजनल सेंटर में छात्राएं करा सकती हैं आनलाइन पंजीकरण'

संस, जागरण. कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया जारी है। दाखिला प्रक्रिया प्रभारी डा. अनिल कुमार ने बताया कि ग्रामीण छात्राएं आनलाइन पंजीकरण करवा सकती हैं। प्रत्येक कोर्स से संबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर की हेल्प डेस्क बनाई गई है। छात्राओं को वास्तविक प्रमाणपत्र और उनकी स्वयं सत्यापित फोटो कापी लेकर आना होगा। तीन लाख रुपये से कम आय वाली एससी वर्ग की छात्राएं प्रमाणपत्र लगाएंगी तो उनकी फीस नहीं लगेगी। जो छात्राएं पहले रजिस्ट्रेशन करा चुकी हैं और दाखिला नहीं लिया है वह 16 से 18 जुलाई तक दाखिला ले सकती हैं।



"जल्द ही सभी कोर्सों में आनलाइन आवेदन होंगे। इसके लिए छात्राएं रीजनल सेन्टर में संपर्क कर सकती हैं। तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की आनलाइन फीस 22 जुलाई से एक अगस्त तक जमा की जाएगी। नियमित कक्षाएं 22 जुलाई से आरंभ होंगी।

-प्रो. बलबीर सिंह, निदेशक, रीजनल सेंटर

18/07/2024 दैनिक जागरण

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल फिर खुला, 21 जुलाई तक करें आवेदन

नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी और पीजी कोर्स में आवेदन से वंचित छात्राओं के रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन पोर्टल फिर से ओपन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल 18 से 21 जुलाई तक खोला गया है। अब 12वीं और स्नातक पास छात्राएं अपने प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर में 21 जुलाई तक पहुंचकर आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद छात्राएं दाखिले से वंचित रह सकती हैं।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए यूजी और पीजी कोर्स में दाखिले के लिए फिर से अवसर मिला है। तीसरे व 5वें सेमेस्टर की ऑनलाइन फीस सभी प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर में 22 से 30 जुलाई तक जमा कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। सभी कोर्स की जानकारी के लिए छात्राएं रीजनल सेंटर में संपर्क करें।

19/07/2024 दैनिक जागरण

## रीजनल सेंटर में अब 21 तक होंगे आवेदन



कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि का रीजनल सेंटर ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को ध्यान में रखते हुए आवेदन से वंचित छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्स में रजिस्ट्रेशन के लिए फिर से आनलाइन पोर्टल 18 से 21 जुलाई तक पुन: खोल दिया है। जो छात्राएं बारहवीं अथवा बीए के बाद दाखिला लेना चाहती हैं वह सभी छात्राएं अपने प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में आकर 21 जुलाई तक पंजीकरण करा सकती हैं। इसके बाद आवेदन नहीं होंगे। निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने बताया कि प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए यूजी और पीजी कोर्स में दाखिले के लिए फिर से अवसर मिला है और पुरानी छात्राएं तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की आनलाइन फीस अपने सभी प्रमाण पत्रों सहित रीजनल सेंटर आकर 22 जुलाई से 30 जुलाई तक जमा कराएं इसके अतिरिक्त छात्रों के लिए हेल्प डेस्क है। छात्राएं सभी कोर्स की जानकारी के लिए रीजनल सेंटर में संपर्क करें नई छात्राएं बीए आनर्स मल्टी डिसीप्लिनरी, बैचलर आफ फिजिकल साइंस आनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी, बैचलर कामर्स और एमए अंग्रेजी, एमए पालीटिकल साइंस में 21 जुलाई तक रीजनल सेंटर में आकर आवेदन कर सकती हैं। छात्राओं के लिए आने जाने के लिए बस की सुविधा उपलब्ध है।

20/07/2024 दैनिक भास्कर

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी और पीजी की रिक्त सीटों के लिए पोर्टल 21 तक खुला

भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को पोर्टल खोल दिया गया है। 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की मांग को देखते हुए रिक्त सीटों पर आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है।

छात्राओं की सुविधा के लिए महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर रीजनल सेंटर का आधुनिक नया भवन बनकर तैयार हो चुका है, जिसमें छात्राओं के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर व विज्ञान लैब सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों की पात्रता, रिक्त सीटों की संख्या, फीस समेत अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर उपलब्ध है।

दैनिक भास्कर 24/07/2024

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में 28 तक चलेगी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

- **अंतिम तिथि में बढ़ोतरी, 30 जुलाई को जारी होगी मेरिट लिस्ट**

भास्कर न्यूज | नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कोसली क्षेत्र के गांव कृष्ण नगर स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी व पीजी कोर्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया 28 जुलाई तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने ग्रामीण छात्राओं की मांग को ध्यान में रखते हुए दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया 21 जुलाई से बढ़ाकर 28 जुलाई तक कर दिया गया है। इसके बाद 30 जुलाई को मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी और प्रमाण पत्र की जांच के बाद ऑनलाइन फीस जमा होगी।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि जिन छात्राओं ने अभी तक किसी भी बैचलर आफ आर्ट्स मल्टी डिसीप्लिनरी, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस ऑनर्स मल्टी डिसीप्लिनरी, बैचलर ऑफ कॉमर्स ऑनर्स और एमए इंग्लिश एमए राजनीतिक साइंस में आवेदन नहीं किया है वे छात्राएं अभी भी 28 जुलाई तक रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में प्रमाण पत्र सहित जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। जो छात्राएं एससी केटेगरी से संबंधित हैं और जिनकी इनकम सर्टिफिकेट आय प्रमाण पत्र में 3 लाख से कम है उनकी दाखिला फीस जीरो लगेगी किंतु वजीफा पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के बाद फीस जमा करनी जरूरी होगी। इसलिए एससी की छात्राएं अपना स्कॉलरशिप का फॉर्म ठीक भरें। छात्राएं दाखिले की ऑनलाइन फीस के लिए अपना एटीएम व इससे लिंक मोबाइल साथ लेकर आएं। रीजनल सेंटर में छात्राओं की मदद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। छात्रों को अपने सभी कागजात जमा करने होंगे। उसके बाद छात्रों को दाखिला लेने में परेशानी होगी।

## रीजनल सेंटर में अब 28 जुलाई तक होंगे आवेदन

संस, कोसली : कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया 28 जुलाई तक जारी रहेगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की मांग को ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया को 21 जुलाई से बढ़ाकर 28 जुलाई कर दिया है। 30 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी और प्रमाण पत्र की जांच के बाद आनलाइन फीस जमा होगी।

निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने बताया कि जिन छात्राओं ने अभी तक किसी भी बैचलर आफ आर्ट्स मल्टी डिसीप्लिनरी, बैचलर आफ फिजिकल साइंस आनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी, बैचलर आफ कामर्स आनर्स और एमए अंग्रेजी व एमए राजनीति विज्ञान में आवेदन नहीं किया है, वह छात्राएं 28 जुलाई तक रीजनल सेंटर में प्रमाण पत्र सहित आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं और जो विद्यार्थी एससी वर्ग से संबंधित हैं और जिनके पास तीन लाख रुपये से कम आय का प्रमाण पत्र है उनकी दाखिला फीस नहीं लगेगी। पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के बाद फीस जमा करनी आवश्यक है। इसलिए, एससी वर्ग की छात्राएं स्कालरशिप फार्म में त्रुटि न करें। छात्राएं दाखिले की आनलाइन फीस के लिए लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए रीजनल सेंटर की हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

दैनिक जागरण 24/07/2024

28/07/2024 दैनिक जागरण

# रीजनल सेंटर में 30 जुलाई तक जमा होगी फीस

**दी जानकारी**

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में बीए के तृतीय व पांचवें सेमेस्टर, बीएससी के तृतीय व पांचवें सेमेस्टर, बीकाम के तृतीय व पांचवें सेमेस्टर, एमए राजनीति शास्त्र व अंग्रेजी के तृतीय सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी आनलाइन फीस 30 जुलाई तक जमा करवा सकते हैं।

निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने बताया कि 30 जुलाई के बाद उपरोक्त सेमेस्टर की फीस दो हजार रुपये की विलंब शुल्क के साथ विद्यार्थियों को जमा करना होगा। विद्यार्थी सभी प्रमाण पत्रों सहित अपना फार्म रीजनल सेंटर में दाखिला कमेटी के पास जमा करें। रीजनल सेंटर के विद्यार्थी जो अगले सेमेस्टर में दाखिल हो गए हैं, वह फीस 30 जुलाई तक अवश्य जमा कर दें। विद्यार्थियों के लिए प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जुलाई है। इसके तहत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की फीस भी 30 जुलाई को आनलाइन जमा होगी।

## रिक्त सीटों पर ओपन फिजिकल काउंसलिंग 29 जुलाई को

**वि.रेवाड़ी:** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में विभिन्न विषयों में दाखिले के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत रिक्त सीटों के लिए ओपन फिजिकल काउंसलिंग सोमवार 29 जुलाई को होगी। विद्यार्थी संबंधित विभागों में संपर्क कर सकेंगे। इस काउंसलिंग में उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश का मौका दिया जाएगा जिन्होंने प्रवेश के लिए आनलाइन फार्म पहले से भरा है। नए अभ्यर्थियों के प्रवेश पर बाद में निर्णय लिया जाएगा। यह काउंसलिंग सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। विश्वविद्यालय में अभी एमकाम, पांच वर्षीय एमकाम, एमबीए, बीबीए, अर्थशास्त्र, योग विभाग, होटल मैनेजमेंट एवं साइंस के विभिन्न संकायों में कुछ सीटें बची हुई हैं जिनका विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश के नियम एवं आरक्षण संबंधी दिशा-निर्देश प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार की गई सूचना विवरणिका के आधार पर ही लागू रहेंगे। यह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दैनिक जागरण 07/08/2024

# छात्राएं संस्कार और मूल्यों की करें रक्षा

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला जनप्रतिनिधि जिला पार्षद शारदा यादव, ब्लाक समिति सदस्य मधुबाला व कृष्ण नगर गांव की सरपंच सुमन मौजूद थी। महोत्सव के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जिला पार्षद शारदा यादव ने रीजनल सेंटर को एक वाटर कूलर भेंट किया और उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि तीज महोत्सव हमें अपनी संस्कृति से जोड़ता है। निदेशक प्रो बलब्रीर सिंह ने कहा कि तीज महोत्सव हमें अपनी परंपराओं से जोड़ता है। छात्राओं को महिला जनप्रतिनिधियों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर अपने संस्कारों व मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम, संजू द्वितीय और रीतिका व नेहा तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में निधि प्रथम, तन्नू व प्रियंका द्वितीय तथा मनीषा व प्रिया तृतीय स्थान पर रही। काइट मेकिंग में कोमल प्रथम, मिनाक्षी द्वितीय व आंचल व अंतिम तृतीय स्थान पर रही। रंगोली में खुशी प्रथम व अंजलि द्वितीय रहीं। विजेता छात्राओं को महिला अतिथियों और निदेशक ने सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनिल कुमार, डा. अनिता देवी, डा. रीनू यादव ने निभाई। इस अवसर पर अंजलि यादव, प्रवेश भारद्वाज, अंजलि पांचाल, सुनीता यादव, सोनिया, डा. राकेश, प्रदीप, नीलम, विरेंद्र, अंजू, मधुबाला, बिंदू, पूजा, ज्योति, सविता, रविंद्र, आनंद, सुखबीर, सुशीला, निर्मला सहित छात्राएं उपस्थित थी।



रीजनल सेंटर में पतंग निर्माण कला का प्रदर्शन करती छात्राएं व प्रोफेसर• सौजन्य. शिक्षक

दैनिक भास्कर 07/08/2024

## काइट में कोमल, मेहंदी में सोनिया, पोस्टर में निधि प्रथम



**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विवि के रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में तीज महोत्सव कार्यक्रम में जिला पार्षद शारदा यादव, ब्लॉक समिति सदस्य मधुबाला व कृष्ण नगर ग्राम सरपंच सुमन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया, पोस्टर मेकिंग में निधि प्रथम, काइट मेकिंग में कोमल व रंगोली में खुशी प्रथम ही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अनिल कुमार, डॉ अनीता देवी डॉ रीनू यादव ने निभाई। जिला पार्षद शारदा यादव ने छात्राओं के लिए वाटर कूलर-आरओ भी डोनेट किया। इस अवसर पर अंजली यादव, प्रवेश भारद्वाज, अंजलि पांचाल, सुनीता यादव, सोनिया, पूजा, डॉ. राकेश, प्रदीप, नीलम, सनीता, वीरेंद्र, अंजु, मधुबाला, बिंदु, ज्योति, सविता, रविंद्र, आनंद, सुखबीर, सुशीला, निर्मला आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 09/08/2024

# रीजनल सेंटर में छात्राओं को विभिन्न कोर्स व शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी

भास्कर न्यूज | नाहड़



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में वीरवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राध्यापकों द्वारा गठित समितियों के माध्यम से छात्राओं को

विभिन्न कोर्सों से संबंधित तथा सेशन में होने वाली तमाम गतिविधियों की जानकारी दी गई।

डॉ. अनिल कुमार ने लीगल लिटरेसी मैंटर-मैंटी तथा स्टूडेंट गिरिवंश सेल, डॉ. अनीता देवी ने सीनियर प्रॉक्टर सेक्सुअल हैरासमेंट इंटरनल कंप्लेंट समिति तथा एनएसएस, डॉ. रीनू यादव ने यूथ रेड क्रॉस रेड रिबन क्लब, सुनीता यादव ने एंटी रैगिंग, अंजली यादव ने कल्चरल एक्टिविटी वूमेन सेल, डॉ. राकेश कुमार ने एजुकेशनल टूर, डॉ. योगेंद्र सिंह ने एनईपी तथा टाइम टेबल, प्रदीप ने आइडेंटी कार्ड, प्रवेश कुमारी ने एग्जामिनेशन, सोनिया यादव ने एससी व बीसी स्कॉलरशिप, मंजू रानी ने बस पास व स्कॉलरशिप, अंजलि पांचाल ने कॉमर्स, पूजा ने लाइब्रेरी तथा नीलम ने पर्सनालिटी डेवलपमेंट करियर गाइडेंस बारे विस्तार से संपूर्ण जानकारी दी। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा



कि ये कार्यक्रम किसी भी संस्था को आगे ले जाने का विजन भी प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर ज्योति, सनिता, सविता, अंजू, बिंदु, वीरेंद्र, बिरेंद्र, रविंद्र, मधुबाला, सुनिता, नीरू उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 09/08/2024

## महिला विश्वविद्यालय के ओरिएंटेशन में दी जानकारी

संवाद सहयोगी, जागरण. कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में बृहस्पतिवार को विभिन्न विभागों की ओरिएंटेशन कमेटी द्वारा छात्राओं को विभिन्न कोर्सों से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत डा. अनिल कुमार ने कानूनी साक्षरता, मैन्टयोर व विद्यार्थियों की शिकायतों के बारे में, डा. अनिता देवी ने सीनियर प्रोक्टर, यौन उत्पीड़न, व रीजनल सेंटर की आंतरिक शिकायत कमेटी व एनएसएस, डा. रीनू यादव ने यूथ रेडक्रास, रेड रिबन क्लब, डा. योगेंद्र सिंह ने टाइम-टेबल, प्रदीप ने पहचान पत्र, प्रवेश कुमारी ने परीक्षा, पूजा ने लाइब्रेरी और नीलम ने व्यक्तित्व विकास व करियर को लेकर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर ज्योति, सनिता, सविता, बिरेन्द्र, रविन्द्र मधुबाला, सुशीला, अंजु, बिंदु, नीरु सहित छात्राएं उपस्थित थी।

अमर उजाला 11/08/2024




कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर। संवाद

## पीजी कोर्सों के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 तक

कोसली। सरकारी महिला रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी। इसमें यूजी में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए 4 वर्षीय बीए (ऑनर्स) मल्टी डिसप्लेनरी में 15 सीट खाली है। चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टी डिसप्लेनरी में 18 सीटें रिक्त है। 4 वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) में 49 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार एमए राजनीतिक साइंस में 12 सीटें और एमए अंग्रेजी में 15 सीटें रिक्त हैं। जो भी छात्राएं दाखिला लेना चाहती हैं, वह प्रथम चरण में 22 अगस्त तक आवेदन कर दें। 24 अगस्त को रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में मेरिट लिस्ट लगाई जाएगी। 27 अगस्त तक सेंटर में ऑनलाइन फीस जमा होगी। इसके बाद भी यूजी और पीजी कोर्सों में सीट रिक्त रह जाती है तो 28 अगस्त से 31 अगस्त तक पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दाखिला ले सकती हैं। रीजनल सेंटर निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं जो दाखिले से वंचित रह गई थीं उन्हें एक मौका मिल गया है।

दैनिक जागरण 11/08/2024

## रीजनल सेंटर में 31 तक होंगे दाखिले

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी कोर्सों में रिक्त सीटें अभी तक नहीं भरी हैं। विश्वविद्यालय ने रिक्त सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया को 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने बताया कि यूजी में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बीए आनर्स मल्टी डिसीप्लिनरी में 15 सीटें, चार वर्षीय बैचलर आफ फिजिकल साइंस आनर्स मल्टीडिसीप्लिनरी में 18 सीटें, चार वर्षीय बीकाम आनर्स में 49 सीटें रिक्त हैं। इसी प्रकार पीजी कोर्स के एमए राजनीति विज्ञान में 12 सीटें व एमए अंग्रेजी में 15 सीटें रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि दाखिला लेने की इच्छुक छात्राएं प्रथम चरण में अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन 22 अगस्त तक करवा लें। 24 अगस्त को रीजनल सेंटर में मेरिट लिस्ट लगा दी जाएगी उसके उपरांत 27 अगस्त को ऐरिट लिस्ट लगाई जाएगी। उसके बाद भी यूजी व पीजी कोर्सों में रिक्त सीटें रहती हैं तो छात्राएं 28 अगस्त से 31 अगस्त तक पहले आओ पहले पाओ के आधार दाखिला ले सकती हैं।

दैनिक जागरण 13/08/2024

# रीजनल सेंटर में मनाया वन महोत्सव




रीजनल सेंटर में वन महोत्सव आरंभ करते विधायक लक्ष्मण सिंह • सौ. शिक्षक

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में सोमवार को वन महोत्सव व यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. बलबीर सिंह सहित छात्राओं व शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने ब्लाक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत यादव, रमेश कुमार व अन्यों के साथ पौधारोपण कर की। निदेशक ने बताया कि रीजनल सेंटर के प्रांगण में एक हजार पौधे लगाकर कैंपस को हरा-भरा बनाया जाएगा। रीजनल सेंटर के नए भवन में छात्राओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति से संस्कार लेते हुए रीजनल सेंटर शिक्षकों ने छात्राओं को उच्च कोटि शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते रीजनल सेंटर में छात्राओं के लिए कोई भी कमी नहीं आने दूंगा। डा अनिल कुमार यादव ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर डा. अनीता देवी, डा. रेनू यादव और रविंद्र आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 13/08/2024

# पौधरोपण कर वन महोत्सव का किया शुभारंभ



**नाहड़** | कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में वन महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण सिंह यादव ने



पौधरोपण कर महोत्सव की शुरुआत की। इस अवसर पर रीजनल सेंटर को हरा भरा बनाने के लिए प्रांगण में विभिन्न प्रकार के करीब एक हजार पौधों लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिक्षा की सुविधाओं में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने उनका स्वागत किया। डॉ. अनिल कुमार यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत यादव, रमेश कुमार, सरपंच सुमन बाई, जय प्रकाश यादव, कर्नल रंगराव सिंह, राजेंद्र शास्त्री आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 12/08/2024

# अनुबंधित एवं अस्थायी प्रोफेसरों को नियमित करने की मांग

**जागरण संवाददाता, रेवाड़ी:** जिले में मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान विभिन्न संगठन अपनी मांगों का ज्ञापन पत्र सौंपने के लिए कतार में लगे रहे।

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रेक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन (हक्टा) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए विश्वविद्यालयों में पहले से कार्यरत अनुबंधित व अस्थायी प्रोफेसरों को नियमितीकरण की पालिसी बनाकर 60 वर्ष के लिए सेवा सुरक्षा प्रदान करने, अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियमित कर असिस्टेंट प्रोफेसरों के बराबर वेतन, भत्ते, वेतन वृद्धि, एक्स ग्रेसिया, चिकित्सा अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, सात तारीख से पहले वेतन देने, एक्सटेंशन लेक्चरर्स की भांति 57700 रुपये का एरियर व डीए, दो वर्ष या इससे अधिक वर्ष से कार्यरत पदों पर नियमित किया जाए आदि मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की मांग की। इसमें आइजीयू, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, वायएमसीए विश्वविद्यालय फरीदाबाद, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय आदि संस्थानों के अनुबंधित और अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल थे। बीपीएस महिला विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर के डा. अनिल और आइजीयू मीरपुर के अजय, पूजा, सरला आदि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिला था। इस अवसर पर डा. जोगिंदर, डा. धर्मवीर यादव, प्रवीण, मनीष, जोगेंद्र, निशा, समित, मनीष, सुनीता नागपाल, आशा, लक्ष्मी, सुरेंद्र, संगीता, अर्चना आदि शिक्षक शामिल रहे।



जिले में आयोजित हाफ मैराथन में ओ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपने के लिए एकत्रित हुए अनुबंधित और अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर • जागरण

हरिभूमि — 15/08/2024 10

# रीजनल सेंटर में पौधरोपण करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भगत फूल सिंह के 82वें शहीदी दिवस व पदमश्री सुभाषिनी की 110वीं जयंती के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राओं को दोनों महान आत्माओं के जीवन से प्रेरणा लेकर मानव सेवा का उदाहरण साकार करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस का कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिता, डा. अनिल कुमार, डा. रेनू यादव, डा. योगेंद्र सिंह, अंजलि, नीलम यादव, सोनिया यादव, पूजा यादव, बिंदु यादव, मधुबाला यादव, सुनीता यादव, सविता यादव, मंजू रानी, काजल, रचना स्वामी, साक्षी, मोनिका, श्वेता व मुस्कान मौजूद थी।




रेवाड़ी। कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

दैनिक भास्कर 24/08/2024

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर की सहायक प्राध्यापक को हटाने व नई नियुक्ति करने का किया विरोध

## एसोसिएशन ने विधायक व वीसी को ज्ञापन सौंपा, आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप

भास्कर न्यूज | नाहड़

गत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र कृष्ण नगर में आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप हैं। इसमें कहा है कि बिना समायोजन के 5 वर्षों से कार्यरत अस्थाई सहायक प्रोफेसर पूजा यादव को कार्यभार की अनुपलब्धता एवं नई नियुक्ति के कारण कार्यमुक्त कर दिया गया। इससे एसोसिएशन में भारी रोष व्याप्त है। पूजा यादव को पद से हटाए जाने को लेकर टीचिंग अस्सिटेंट अनुबंधित संघ ऑफ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के आह्वान पर शुक्रवार को काले बिल्ले लगाकर कक्षाएं ली गईं तथा खानपुर कलां व विधायक लक्ष्मण यादव को ज्ञापन सौंपकर पूजा यादव को उनके पद पर पुनः नियुक्त करने का आग्रह किया गया। विधायक ने त्वरित एक्शन लेते हुए वाइस चांसलर को नई नियुक्ति पर रोक लगाने तथा पूजा यादव को पुनः नियुक्ति देने के निर्देश दिए। उन्होंने ज्ञापन देने पहुंचे शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि वे नई भर्ती को रुकवाने के लिए मुख्यमंत्री से भी आग्रह करेंगे।

बता दें कि प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 1500 व भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के 131 कच्चे सहायक प्राध्यापक नियमितिकरण को लेकर पिछले काफी समय से संघर्षरत हैं। इनपर छंटनी की तलवार लटकी हुई है। आरोप है कि अब इन्हें आचार संहिता का



उल्लंघन करते हुए पद मुक्त किया जा रहा है तथा नई नियुक्ति की जा रही है। जिसके विरोध स्वरूप एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार व शुक्रवार को काले बिल्ले लगाकर कार्य करते हुए रोष प्रकट किया गया।

वहीं एसोसिएशन कि अध्यक्ष सुमन रंगा की अध्यक्षता में सहायक प्राध्यापकों ने महिला विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी की मीटिंग हुई। इसमें अध्यक्ष सुमन रंगा व सचिव नेहा शर्मा ने फैसला लिया कि रीजनल सैंटर रेवाड़ी व जींद तथा साउथ कैम्पस भैंसवाल में तब तक रोष प्रदर्शन जारी रहेगा। जब तक पूजा यादव को यूनिवर्सिटी प्रशासन पुनः नियुक्त पत्र जारी नहीं करता है। विधायक से मिल कर ज्ञापन देने वालों में डॉ अनल यादव, डॉ. अनीता यादव, डॉ. रीनू यादव, अंजली यादव, प्रवेश कुमारी, अंजली, डॉ. राकेश, डॉ. योगेन्द्र सिंह, नीलम यादव व सोनिया यादव व प्रदीप शामिल रहे।

11

दैनिक भास्कर 28/08/2024

# महिला असिस्टेंट प्रोफेसर को हटाने पर प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

### पीड़िता ने कहा- आय का साधन भी छिना गया

नाहड़| रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में आचार संहिता में हरियाणा सरकार द्वारा जारी एसओपी की अवहेलना कर भर्ती प्रक्रिया के आरोप लगाए।

इस भर्ती प्रक्रिया पर तुरंत प्रभाव से रोक लगवाने व छंटनी मे बाहर की गई असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा यादव को जॉइन करवाने को लेकर बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसरों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। पूजा यादव ने कहा कि आपकी सरकार ने ही मुझे लगाया था और आपकी सरकार ने ही मेरी नौकरी छीन ली है, यदि मुझे जॉइन नहीं करवाया गया तो मैं आत्मदाह करूंगी क्योंकि इस नौकरी से मेरे परिवार का पालन पोषण होता था। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वस्त दिया। संघ की अध्यक्षता कर रही सुमन रंगा ने कहा कि आश्वासन तो हमें 2 साल से मिल रहे हैं, अब हमें परिणाम चाहिए और साथ में नेहा शर्मा ने भी कहा कि भर्ती प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई तो पहले 3 से 14 वर्षों से कार्यरत 131 अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसरों की सेवा सुरक्षा सेवानिवृत्ति तक नहीं हो पाएगी जिससे सब बेरोजगार हो जाएंगे।



पूजा यादव अस्थायी असिस्टेंट प्रोफेसर 5 वर्षों से अधिक यूनिवर्सिटी में कार्यरत थी, उसको भी 22 अगस्त को कार्यमुक्त कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि पूजा यादव के कार्यमुक्त के ऑर्डर को रद्द कर पुनः जॉइन करवाया जाए। इस अवसर पर हुकटा के अध्यक्ष विजय मलिक, डा.अनिल यादव, सोनिया यादव, नीलम यादव, प्रदीप, सुनील सैनी, ज्योति जांगड़ा, सोनू सैनी,पूजा शर्मा, पूनम इंदौरा, सोहनलाल,शीतल, गीता वर्मा, राकेश रोहिल्ला, सैनी, अंकित, अंजली पांचाल, सुलेखा, सोनू यादव आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 15/09/2024

# नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत



आयोजन में सम्मानित छात्राओं के साथ स्टाफ के सदस्य • सौजन्य. शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव में स्थित रीजनल सेंटर में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें नव प्रवेशी छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में कनिष्ठ छात्राओं के लिए प्रश्न-उत्तर स्लिप, रैंपवाक, म्यूजिकल चेयर, पेपर फोल्डिंग नृत्य के इवेंट्स आयोजित किए गए। इसमें बीए आनर्स प्रथम वर्ष से प्रियंका, बीएससी फिजिकल साइंस आनर्स प्रथम वर्ष से खुशी, बीकाम आनर्स प्रथम वर्ष से श्वेता, एमए पालिटिकल साइंस प्रथम वर्ष से सुधा और एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष से अंचल को मिस फ्रेशर चुना गया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्राओं में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका पूजा यादव, अंजलि पांचाल और नीलम यादव ने निभाई। डा. अनिल कुमार यादव, डा. अनीता देवी, डा. रीनू यादव, सुनीता यादव, प्रवेश भारद्वाज, अंजली यादव ज्योति, सनिता, सविता, निर्मला, सुशीला, डा. राकेश, प्रदीप, डा. योगेंद्र, मधुबाला ने सहयोग दिया।

अमर उजाला 04/09/2024

# रीजनल सेंटर में यूजी और पीजी में 7 तक होंगे दाखिले

संवाद न्यूज एजेंसी



महिला रीजनल सेंटर। स्रोत: सेंटर

कोसली। कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के सरकारी महिला रीजनल सेंटर में यूजी व पीजी कोर्स में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और दाखिले की प्रक्रिया 7 सितंबर तक चलेगी।

इस दौरान सभी खाली सीट पर पहले आओ, पहले पाओ के अनुसार दाखिला लिया जाएगा। जो छात्राएं विभिन्न कोर्स में दाखिले से वंचित रह गई थीं, वह अब रीजनल सेंटर के कार्यालय में ओरिजिनल और फोटोकॉपी, प्रणाम पत्र के साथ पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन करें।

साथ ही ऑनलाइन दाखिले की फीस भरी जाएगी। निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र की वो छात्राएं जो दाखिले से वंचित रह गई उनके लिए यह अंतिम अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि एससी की छात्राएं अपना नया इनकम सर्टिफिकेट बनवाकर साथ लेकर आएं। इसके अलावा जिनकी इनकम सर्टिफिकेट 3 लाख से कम होगी उनकी जीरो की स्लिप कटेगी। स्कॉलरशिप आने के बाद उनको फीस जमा करनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि रीजनल सेंटर में फिलहाल, बीए ऑनर्स में 11 सीट, बीएससी फिजिकल साइंस ऑनर्स में 14 सीट, बीकॉम ऑनर्स में 47 सीट, एमए इंग्लिश में 9 सीट हैं।

दैनिक भास्कर 04/09/2024

# रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी-पीजी कोर्स में रिक्त रही सीटों पर 7 तक दाखिले कराने का अंतिम अवसर



नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में यूजी व पीजी कोर्स में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ ही ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया रिक्त रही सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के अनुसार 7 सितंबर तक चलेगी। जो छात्राएं विभिन्न कोर्स में दाखिले से वंचित रह गई थीं, वे अब रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के कार्यालय में ओरिजिनल और फोटोकॉपी प्रणाम पत्र के साथ पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही ऑनलाइन दाखिले के फीस एटीएम से भरी जाएगी।

निदेशक प्रोफेसर बलबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर सुदेश ने ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं दाखिले से वंचित रह गईं, उन छात्राओं के लिए यह अंतिम अवसर दिया है तथा एससी की छात्राएं अपना नया इनकम सर्टिफिकेट बनवाकर साथ लेकर आएं। एससी छात्राएं जिनकी इनकम सर्टिफिकेट 3 लाख से कम होगी उनकी जीरो की स्लिप कटेगी, लेकिन स्कॉलरशिप आने के बाद उनको फीस जमा करनी जरूरी है। रीजनल सेंटर में बीए ऑनर्स में 11 सीट, बीएससी फिजिकल साइंस ऑनर्स में 14 सीट, बीकॉम ऑनर्स में 47 सीट, एमए इंग्लिश में 9 सीट और एमए राजनीति विज्ञान में 7 सीटें खाली हैं।

दैनिक भास्कर 15/09/2024

# हरियाणवी नृत्य में मुस्कान व पंजाबी में आरती प्रथम

## महिला रीजनल सेंटर में छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज | नाहड़



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में दो दिवसीय प्रतिभा प्रभा-2024 का शनिवार को समापन हो गया। इसमें छात्राओं की प्रतिभा को तलाशने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रथम दिन नृत्य प्रतियोगिता में हरियाणवी नृत्य में मुस्कान प्रथम, तनीषा द्वितीय व प्रियंका तृतीय रही। पंजाबी नृत्य में आरती प्रथम रही। दूसरे दिन लिटरेरी इवेंट में भाषण प्रतियोगिता में रितु प्रथम तथा अदिति द्वितीय रही। अंग्रेजी कविता में रेखा प्रथम स्थान पर रही। हिंदी कविता में रेखा प्रथम और कुसुम द्वितीय रही। हरियाणवी कविता में रेखा प्रथम, अंशिका द्वितीय व रितु तृतीय स्थान पर रही। फाइन आर्ट के बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में निकिता, क्ले मॉडलिंग में अंशिका प्रथम रही। कार्टूनिंग में मनीषा प्रथम तथा तनु द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग में स्वाति प्रथम, प्रियंका व ज्योति द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। ऑन द स्पॉट पेंटिंग में साक्षी प्रथम व घनिष्ठा द्वितीय रही। रंगोली में अंजलि व खुशी क्रमशः अव्वल स्थानों पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ.यशपाल शर्मा, डॉ अनिल कुमार, डॉ. अनीता देवी, डॉ. रीनू यादव शामिल रहीं। अंजली यादव, प्रवेश भारद्वाज, सुनीता यादव पूजा यादव, सोनिया यादव, मंजू रानी ने सहयोग किया।

इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

दैनिक जागरण 16/09/2024

## हिंदी दिवस पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रितु बीए प्रथम वर्ष प्रथम रही।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ज्योति एमए पालिटिकल साइंस द्वितीय वर्ष से प्रथम, रेखा बीए तृतीय वर्ष से द्वितीय, ममता बीए प्रथम वर्ष व साक्षी बीए द्वितीय वर्ष तृतीय रही। स्लोगन प्रतियोगिता में नेहा एमए पालिटिकल साइंस द्वितीय वर्ष से प्रथम, मोनिका बीए तृतीय वर्ष से द्वितीय व दीपाली बीए प्रथम वर्ष से व कोमल पालिटिकल साइंस से तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में रितु बीए प्रथम वर्ष से प्रथम, प्रियंका बीए प्रथम वर्ष से द्वितीय व तमन्ना बीए प्रथम वर्ष से तृतीय रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनिल कुमार यादव, डा. अनीता देवी व डा. रीनू यादव ने निभाई। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं से हिंदी दिवस पर मातृभाषा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में डा. अनिता यादव, अंजली यादव, प्रवेश भारद्वाज, सुनीता यादव, प्रदीप, डा. राकेश व डा. यशपाल शर्मा उपस्थित रहे।



हिंदी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं • जागरण

दैनिक भास्कर 25/09/2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा के लिए शपथ दिलाई



नाहड़| महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी महावीर ग्रुप ऑफ कंपनी के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि एनएसएस दिवस के अवसर पर पौधरोपण करना सराहनीय कदम है। पौधे मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं। पर्यावरण को बचाने की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लड़का-लड़की में कोई फर्क नहीं है। छात्राएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्हें अपनी सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता देवी व एनएनएस की स्वयं सेविकाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत- 'उठे समाज के लिए उठे- उठे, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे' गाकर सभी को प्रेरित किया। सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हमें एनएसएस के मोटो का अनुसरण करते हुए सामाजिक सेवा, सुसंस्कृत आचरण, आत्मनिर्भर तथा पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। राजेंद्र शास्त्री और विनोद यादव ने कहा कि हमारा ग्रुप पर्यावरण को बचाने के लिए हर साल 2000 पौधे लगाने का पुण्य कार्य करता है। छात्राओं ने एनएसएस की पोस्टर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। डॉ. यशपाल शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा के लिए शपथ दिलाई। डॉ.अनिल यादव ने आभार जताया। इस मौके पर डॉ. योगेंद्र, प्रदीप सुनीता यादव, प्रवेश अंजली यादव, डॉ. रीनू यादव, पूजा यादव, सोनिया यादव, डॉ. राकेश, नीलम यादव, अंजलि पांचाल, मंजू रानी, मधुबाला, अंजू ,बिंदु यादव वीरेंद्र, रविंद्र ,ज्योति सनिता, सविता, निर्मला, सुशीला आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर 01/10/2024

## रीजनल सेंटर के सुरक्षा कर्मी रामपाल हुए सेवानिवृत्त



नाहड़| कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में सिक्योरिटी गार्ड रामपाल को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने कहा कि रामपाल ने अपनी सैनिक सेवा से जो सीखा और अनुशासन से छात्राओं को प्रेरणा दी व उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग किया। गार्ड के साथ आई उनकी माता बादाम देवी ने भजन सुनाए। इस मौके पर डॉ. यशपाल शर्मा, सूबेदार महेंद्र यादव, साधु यादव, राजेंद्र शास्त्री, पूनम, प्रियंका, कमला देवी, राहुल शामिल हुए और पत्नी सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

अमर उजाला 01/10/2024

## सेवानिवृत्त रामपाल को दी विदाई



कोसली। गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में आयोजित समारोह में सिक्योरिटी गार्ड पद से सेवानिवृत्त रामपाल को सोमवार को विदाई दी गई। इस दौरान रामपाल की सेवा की सराहना की गई। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि रामपाल सुरक्षा गार्ड के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन्होंने छात्राओं को अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि हमें रामपाल के सैन्य सेवा के अनुभव से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामपाल ने कहा कि संस्था के काम के लिए जब भी बुलाया जाएगा, वह जरूर आएंगे। इस मौके पर सूबेदार महेंद्र यादव, साधु यादव, राजेंद्र शास्त्री, पूनम, प्रियंका, कमला देवी, राहुल मौजूद रहीं। संवाद

दैनिक जागरण 01/10/2024

## रीजनल सेंटर में सुरक्षाकर्मी को किया सम्मानित

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में सोमवार को रीजनल सेंटर के सुरक्षाकर्मी रामपाल की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह एवं स्टाफ के सदस्यों ने उनके सेवाभाव की सराहना की। सेवानिवृत्त सुरक्षाकर्मी ने अपने सेवाकाल में रीजनल सेंटर के निदेशक व स्टाफ द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर सूबेदार महेंद्र यादव, साधु यादव, राजेंद्र शास्त्री, पूनम, प्रियंका, कमला देवी, राहुल, उनकी पत्नी सुमित्रा देवी, डा. अनिल कुमार यादव, डा. रीनू यादव, अंजली यादव, प्रवेश कुमारी, डा. राकेश, डा. योगेंद्र, प्रदीप, सोनिया, नीलम यादव, पूजा यादव, मंजू रानी, अंजलि पांचाल, ज्योति यादव, सनिता यादव, सविता यादव, अंजू, बिंदु यादव, मधुबाला, निर्मला, सुशीला, आनंद प्रकाश, वीरेंद्र, जितेंद्र, सुखवीर, रविंद्र व अजय पाल उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 25/09/2024

# स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर सेवा का दिया संदेश



राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर पौधारोपण में भाग लेती छात्राएं व स्टाफ सदस्य ● सौ. शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि महावीर ग्रुप आफ कंपनी के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा की भावना व मिलकर काम करने की वृत्ति का विकास होता है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार के सेवा व सामाजिक कार्यों जैसे साफ-सफाई, पौधारोपण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने की गतिविधियों में शामिल होकर सेवा करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीता देवी के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत- "उठे समाज के लिए उठे-उठे, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगे" प्रस्तुत कर सेवा का संदेश दिया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राओं को एनएसएस के ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए निरंतर सामाजिक सेवा के कार्यों में भाग लेना चाहिए। आयोजन में छात्राओं ने पौधारोपण व एनएसएस की पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। डा. यशपाल शर्मा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा की शपथ दिलाई। इस मौके पर डा. योगेंद्र, प्रदीप, सुनीता यादव, प्रवेश, अंजली यादव, डा. रीनू यादव व अन्य उपस्थित रहीं।

अमर उजाला 25/09/2024

## पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

कोसली। महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यअतिथि समाजसेवी जितेंद्र यादव ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता देवी व एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर छात्राओं को प्रेरित किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हमें एनएसएस के मोटो का अनुसरण करते हुए सामाजिक सेवा, आचरण, आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति सचेत रहने का संदेश दिया। संवाद



राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर समारोह में शिरकत करती छात्राएं। संवाद

दैनिक भास्कर 02/10/2024

## कॉपीराइट, पेटेंट फाइलिंग, ट्रेडमार्क और डिजाइन के बारे में जानकारी दी



नाहड़| भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। इसमें राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर से असिस्टेंट कंट्रोलर आफ पेटेंट और डिजाइन कुमार राजू मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कॉपीराइट, पेटेंट फाइलिंग, ट्रेडमार्क और डिजाइन के बारे में विवरण ऑनलाइन प्रस्तुत किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार की जानकारी से युवा, संस्थान अपनी खोज को पेटेंट करवाकर कॉपीराइट के माध्यम से सुरक्षित कर सकते हैं। कोऑर्डिनेटर डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा कि हर गांव की कोई ना कोई पहचान होती है जो कि हम उसे ज्योग्राफिकल इंडिकेशन के माध्यम से उस उत्पादन का पेटेंट करवा सकते हैं। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार यादव, अंजली यादव, प्रवेश भारद्वाज, अंजलि पांचाल, डॉ. रीनू यादव, पूजा यादव, नीलम यादव ,ज्योति, सनिता, अंजू बिंदु यादा, मधुबाला, डॉ. राकेश, प्रदीप, डॉ. योगेंद्र, निर्मला, सुशीला ,सुनीता यादव आदि उपस्थित रहे।

अमर उजाला 11/10/2024

## दांतों की समस्याओं का समाधान बताया



कोसली। गांव कृष्ण नगर स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर में अंतरराष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें दांतों की समस्याओं का समाधान बताया गया। रसायन विभाग के डॉ. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में विषय मौखिक व्यवस्था, मिथक, और तथ्य (ओरल हाइजीन मिथ और फैट्स) पर आयोजित वेबीनार हुआ। इसमें अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोरेडो से डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने दांतों से संबंधित समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने विशेषकर महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आने मसूड़े और दांतों की समस्या का इलाज व उपाय बताया। उन्होंने कहा कि 3 महीने में 6 महीने के समय पर डेंटिस्ट डॉक्टर से सलाह और इलाज समय पर करना जरूरी है। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने पूछा कि दक्षिण हरियाणा में फ्लोराइड की समस्या गंभीर है। संवाद

दैनिक जागरण 11/10/2024

# मिथक और तथ्य विषय पर हुए आनलाइन वेबिनार में लिया भाग



कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में वेबिनार में भाग लेती छात्राएं ● सौजन्य शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में ओरल हाइजीन, मिथक और तथ्य, विषय पर अंतरराष्ट्रीय आनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने इंटरएक्टिव बोर्ड के माध्यम से ओरल हाइजीन के बारे में जानकारी प्राप्त की। रसायन विभाग के डा. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ कोलोरेडो यूएसए से डा. कर्मेंद्र सिंह ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आने वाली मसूड़ों व दांतों की समस्या के उपचार व बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन महीने से छह महीने के मध्य डेंटिस्ट डाक्टर से सलाह और उपचार लेना जरूरी है।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने प्रश्न किया कि दक्षिण हरियाणा में फ्लोराइड की समस्या गंभीर है जिसके कारण दांतों का रंग पीला पड़ जाता है। इसके उत्तर में डा. कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इसका समाधान यह है कि संबंधित विभाग को पानी की आपूर्ति फ्लोराइड की मात्रा को निर्धारित करके ही भेजना चाहिए। इससे 50 वर्षों से चली आ रही इस समस्या का समाधान हो सकता है।

दैनिक जागरण 26/10/24

## विद्यार्थियों ने एनर्जी ड्रिंक और प्रोबायोटिक बनाना सीखा

संस, जागरण, कोसली : कृष्ण नगर स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर की ओर से साइंस की छात्राओं के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डा यशपाल शर्मा के मार्गदर्शन में विज्ञान की 36 छात्राओं ने सोनीपत के राई स्थित एक कंपनी का भ्रमण कर एनर्जी ड्रिंक-प्रोबायोटिक बनाने का तरीका सीखा। निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने बताया कि छात्राओं के लिए इस प्रकार के ज्ञान वर्धक भ्रमण निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

दैनिक जागरण 20/11/2024

# प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को दी बधाई



विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के साथ रीजनल सेंटर के निदेशक और स्टाफ के सदस्य ● जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित महिला रीजनल सेंटर के विज्ञान विभाग से रसायन सोसायटी नागार्जुन" के तत्वावधान में डा. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में अंतर कालेज राज्यस्तरीय विज्ञान प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के भौतिकी विभाग के प्रो विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान को समझने के लिए हम अपने शरीर अर्थात मानव शरीर की क्रियाओं से जोड़कर आसानी से और रूचिकर ढंग से विज्ञान के फार्मूलों को लागू करके मानव की उपलब्धियों को मानव के लिए ही प्रयोग करके विज्ञान के सदुपयोग से सृष्टि को बचाने में अहम योगदान दे सकते हैं।

निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता का मार्ग आसान बना देती है। प्रतियोगिता का संचालन छात्राओं अदिति और कोमल ने किया। प्रतियोगिता में राजकीय कालेज, सरखड़ा से लक्ष्मी एकता व सपना की टीम प्रथम रही तथा कृषि कालेज, हिसार से विवेक भोसले, प्रिंस सुरा व मनीष शर्मा की टीम द्वितीय व नाहड़ कालेज से हिमांशी, यशस्वी, खुशी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

आयोजन में टीम प्रभारी डा. मन्नू कुमार, डा. विजेंद्र सिंह, सचिन सूरा, महेश और सुमन रोम, डा. अनिल राव, डा. अंजलि यादव, डा.राकेश, डा. अनिता देवी, डा. रीनू यादव उपस्थित रहीं।

16

अमर उजाला 20/11/2024

# लक्ष्मी, एकता व सपना की टीम प्रथम

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कराया ज्ञान से परिचय

संवाद न्यूज एजेंसी



विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीत के बाद खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। स्रोत : शिक्षक

**कोसली।** कृष्ण नगर स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर के विज्ञान विभाग की ओर से और केमिस्ट्री समिति नागार्जुन के तत्वाधान में इंटर कॉलेज राज्यस्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें लक्ष्मी, एकता व सपना की टीम प्रथम रही।

प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। इसका संचालन अदिति और कोमल ने किया। प्रतियोगिता में सरकारी कॉलेज खरकड़ा से लक्ष्मी, एकता व सपना की टीम प्रथम रही। कृषि कॉलेज, हिसार से विवेक भोंसले, प्रिंस सुरा व मनीष शर्मा की टीम द्वितीय रहीं। तीसरे स्थान पर सरकारी कॉलेज नाहड़ की टीम से हिमांशी, यशस्वी, खुशी तृतीय रहीं।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर से फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर विजय कुमार ने कहा कि साइंस के फार्मूले को लागू करके मानव की उपलब्धियों को मानव के लिए ही प्रयोग करके विज्ञान का सदुपयोग सृष्टि को बचाने में किया जा सकता है। प्रोफेसर बलवीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ विषय को रुचिकर बनाती है।

अमर उजाला 28/11/2024




कृष्ण नगर स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर में बाल अपराधों को रोकने के लिए शपथ लेते हुए। स्रोत : संस्था

# बाल विवाह रोकने के लिए संगठन ने दिलाई शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोसली।** कृष्ण नगर स्थित सरकारी महिला रीजनल सेंटर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए शक्ति वाहिनी संगठन ने छात्राओं को बाल अपराधों को रोकने के लिए जागरूक किया।

साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं बाल अपराध और बाल विवाह को रोकने के लिए अपने परिवार व समाज में सहयोग कर प्रधानमंत्री के लक्ष्य अनुसार 2030 में भारत में बाल विवाह प्रथा को खत्म करना है। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए छात्राओं और स्टाफ को शपथ दिलाई।

निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में छात्राओं का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार, आर्थिक निर्भरता की उनकी संभावनाओं पर बुरा असर पड़ता है। इस अवसर पर डॉ. यशपाल शर्मा डॉ. प्रवीण, डॉ. अनीता देवी, सोनिया यादव, पूजा यादव, डॉ. प्रदीप शर्मा, अजयपाल, सनिता, मधुबाला, अंजू शर्मा, निर्मला, डॉ. योगेंद्र, सचिन, विपुल उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 29/11/2024

## बाल अपराध रोकने को छात्राओं को किया जागरूक



नाहड़ | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शक्ति वाहिनी संगठन की तरफ विजयलक्ष्मी ने छात्राओं को बाल अपराधों को रोकने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं बाल अपराध और बाल विवाह को रोकने के लिए अपने परिवार व समाज में प्रधानमंत्री के लक्ष्य अनुसार 2030 में भारत में बाल विवाह प्रथा को खत्म करने में सहयोग करें। डॉ. अनिल कुमार यादव ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए छात्राओं व स्टाफ को शपथ दिलाई। निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. यशपाल शर्मा डॉ. प्रवीण, डॉ.अनीता देवी, डॉ. रीनू यादव, डॉ. अंजली यादव, डॉ. राकेश ,डॉ. प्रवेश भारद्वाज, सुनीता यादव, सोनिया यादव, पूजा यादव, डॉ. प्रदीप शर्मा , अजयपाल, सनिता, मधुबाला, अंजू शर्मा, निर्मला, डॉ. योगेंद्र, सचिन यादव, विपुल यादव, नीलम यादव आदि आदि उपस्थित रहे।

दैनिक अमर उजाला 11/12/2024

# उपचार हीन बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाएं : राजेश

## सेवा समिति इकाई ने एड्स जागरुकता अभियान आयोजित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

कोसली। गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-15 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में एनएसएस की स्वयं सेविकाओं की ओर से एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयुष आयुर्वेद मंदिर के डॉ. राजेश सिरोहा ने शिरकत की।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि उपचार हीन बीमारियों से बचने के लिए हमें आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाना होगा, क्योंकि जितनी भी बीमारियां है, वह सभी वात, पित्त और कफ से संबंधित है। इसलिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा संपूर्ण भारत में प्रकृति परीक्षण का ऑनलाइन रिकॉर्ड प्रथम बार डिजिटल हो रहा है जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज होने के लिए जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्रों को आयुर्वेदिक दवाई और योग प्रशिक्षण के लिए उनकी टीम के सदस्य नवीन, नीलम, धर्मपाल, नरेंद्र पाल ने दवाई वितरित की और महत्वपूर्ण योगासन सिखाए। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हम प्रकृति का अनुसरण करते हुए, प्रकृति के तत्वों से बने अपने शरीर को बीमारियों से बचा सकते हैं और आयुर्वेदिक पद्धति हमें प्रकृति से जोड़ती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजली यादव, मधुबाला यादव, निर्मला यादव, अंजू शर्मा, बिंदु यादव, सुशीला, वीरेंद्र यादव, सविता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव मौजूद रहे।



रीजनल सेंटर में विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक पद्धति के बारे में बताते डॉ. राजेश। स्रोत : सेंटर

दैनिक भास्कर 11/12/2024

# असाध्य बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाना होगा

नाहड़ | कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में मंगलवार को एनएसएस इकाई-15 की ओर से 'एड्स जागरूकता' पर आधारित अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में यह अभियान चलेगा। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिरोहा ने कहा कि असाध्य बीमारियों से बचने के लिए हमें आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाना होगा। सभी बीमारियां वात, पित्त और कफ से संबंधित हैं जिनका स्थाई इलाज आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में ही संभव है। इस दौरान उनकी टीम के सदस्य नवीन, नीलम, धर्मपाल, नरेंद्र पाल ने छात्रों को आयुर्वेदिक दवाई वितरित की और योग प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह के अलावा डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजली यादव, मधुबाला यादव, निर्मला यादव, अंजु शर्मा, बिंदु यादव, सुशीला, वीरेंद्र यादव, सविता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव, सुनिता यादव, रविंद्र आदि उपस्थित रहे।



दैनिक जागरण 11/12/2024

# बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाएं

संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की स्वयं सेविकाओं ने एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आयुष आयुर्वेद मंदिर के डा. राजेश सिरोहा ने कहा कि उपचार हीन बीमारियों से बचने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाना होगा। उन्होंने बताया कि सभी बीमारियां वात, पित्त और कफ से संबंधित होती हैं।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा पहली बार संपूर्ण भारत में प्रकृति परीक्षण का आनलाइन रिकार्ड डिजिटल किया जा रहा है जो गिनीज बुक आफ वर्ल्ड में दर्ज होने के लिए जाएगा। उनकी टीम के सदस्यों नवीन, नीलम, धर्मपाल, नरेंद्र पाल ने आयुष दवाइयों के बारे में जानकारी दी और महत्वपूर्ण योगासन सिखाए। आयोजन में निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हम प्रकृति का अनुसरण करते हुए प्रकृति के तत्वों से बने अपने शरीर को बीमारियों से बचा सकते हैं।

आयुर्वेदिक पद्धति हमें प्रकृति से जोड़ती है। डा. यशपाल शर्मा ने डा. राजेश सिरोहा का आभार व्यक्त किया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश कुमारी, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजली यादव, मधुबाला यादव, निर्मला यादव, अंजू शर्मा, बिंदु यादव, सुशीला, वीरेंद्र यादव, सविता यादव, अजय पाल, ज्योति यादव, सनिता यादव, रविंद्र और छात्राएं उपस्थित रहीं।

दैनिक भास्कर 11/01/2025

## रीजनल सेंटर में जेंडर चैंपियन गतिविधि कार्यक्रम



**नाहड़** | गांव कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में विवि के विभाग डीन स्टूडेंट वेलफेयर की ओर से चलाए जा रहे जेंडर चैंपियन गतिविधि के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छात्राओं को \'मिशन मंगल' फिल्म दिखाई गई। गणित विभागाध्यक्ष सुनीता यादव द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार हॉल में इंटरेक्टिव बोर्ड पर फिल्म दिखाई गई। इस दौरान प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की फिल्म छात्राओं को प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। रीजनल सेंटर की छात्राएं रेखा, सुष्मिता, मनिषा, संजु, निधि, अंशिका,महक, कोमल, खुशी, तनिषा, कीर्ति आदि ने अपने विचार भी साझा किए।

दैनिक भास्कर 12/01/2025

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में स्लोगन स्पर्धा

**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में विश्व हिंदी दिवस - 2025 की थीम \'एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज' पर हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. अनीता देवी के सौजन्य से स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डॉ. अनीता देवी ने बताया कि छात्राओं ने कार्यक्रम में स्लोगन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पटल पर हिंदी भाषा की लोकप्रियता पर स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है जिसे हम अभिव्यक्ति के माध्यम से विश्व स्तर पर अपनी मातृभाषा की श्रेष्ठता को स्थापित कर सकते हैं, जिससे राष्ट्र का गौरव बढ़ेगा। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह, डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल यादव ने अंशिका, वर्षा, अंजलि, खुशी, रेखा, कोमल, दीपाली, कीर्ति, दिशा, लता आदि को प्रोत्साहित व सम्मानित किया।

हरिभूमि 12/01/2025

# रीजनल सेंटर में विश्व हिन्दी दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸। नाहड़**



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में अपने स्लोगन दिखाते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में विश्व हिंदी दिवस-2025 की थीम 'एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज' पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी विभाग अध्यक्ष डा. अनीता देवी के नेतृत्व मे आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पटल पर हिंदी भाषा की लोकप्रियता का संदेश दिया तथा विश्व स्तर पर हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार व सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए हिंदी भाषा की बढ़ती भूमिका को दर्शाया गया। इस अवसर पर रजनल सेंटर के निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है, जिसकी हम अभिव्यक्ति के माध्यम से विश्व स्तर पर श्रेष्ठता को स्थापित कर सकते हैं, जिससे राष्ट्र का गौरव भी बढ़ेगा। डा. यशपाल शर्मा व डा.अनिल यादव ने प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्रा अंशिका, वर्षा, अंजलि, खुशी, रेखा, कोमल, दीपाली, कीर्ति, दिशा व लता को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

दैनिक जागरण 14/01/2025

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



छात्राओं को प्रोत्साहित करते निदेशक डा. बलबीर सिंह ● सौजन्य शिक्षक

**संवाद सहयोगी, जागरण ●कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इतिहास विभाग के विभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस भारत के सबसे लोकप्रिय आध्यात्मिक प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की छाप विश्वभर के मानस पटल पर अंकित की। छात्राओं की पोस्टर, स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुस्कान, रितु, मनीषा, अंशिका, रितिका, अदिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रो. बलबीर सिंह, डा. यशपाल शर्मा, डा. अनिल राव ने प्रोत्साहित और सम्मानित किया इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि भारतीय प्राचीन ग्रंथ और संस्कृति का ज्ञान आध्यात्मिक प्रचारकों के योगदान से भारत के भविष्य का स्वर्ण काल फिर से लौट सकता है। इस अवसर पर डा. अंजली यादव, डा. प्रवेश कुमारी, डा. प्रदीप सहित स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 15/01/2025



## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में छात्राओं ने मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व

**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंजली यादव व डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने लोहड़ी और मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर अग्नि के चारों तरफ नृत्य के साथ गायन कर खुशी प्रकट की। इसी प्रकार मकर संक्रांति जिसमें बड़े बुजुर्गों को सम्मान रूपी भाव प्रकट किया जाता है। सेंटर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रीति-रिवाज को युवाओं को अपनाना चाहिए, जो कि उन्हें सामाजिक ढांचे को बनाए रखने की सीख देते हैं। इस प्रकार हम युवाओं में लुप्त हो रहे रीति-रिवाज को बचा सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल यादव ने सहयोग किया। इस अवसर पर टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थिति रही।

अमर उजाला 21/01/2025

# मानव तस्करी रोकने के लिए किया जागरूक



महिला रीजनल सेंटर में मानव तस्करी रोकने के लिए चलाया अभियान। स्रोत : कॉलेज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में मानव तस्करी रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। रीजनल सेंटर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई -15 में कार्यक्रम अधिकारी का कार्यभार संभाल रही डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण द्वारा जागरूकता अभियान चलाया।

थीम बिंदुओं को जोड़ना, समुदाय को मजबूत बनाना, मानव तस्करी रोकनी है। इसी के साथ मानव तस्करी को रोकने में जागरूकता के लिए डॉ. अनिल राव ने छात्राओं को शपथ दिलाई।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि युवाओं को समाज में बढ़ रही बलपूर्वक, धोखाधड़ी, जबरदस्ती माध्यम से शोषण की प्रवृत्ति के प्रति सजग रहकर मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर राष्ट्र के समाज को सुरक्षित बनाने में अपना अहम योगदान देना चाहिए। छात्राओं को आगे आकर मानव तस्करी को रोकने के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. प्रदीप कुमार, ज्योति यादव, सनीता यादव, मधुबाला आदि सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग सदस्यों ने सहयोग किया।

दैनिक जागरण 21/01/2025

## पोस्टर, स्लोगन व भाषण से किया जागरूक



मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता की शपथ लेतीं छात्राएं ● सौ. शिक्षक

**संस, जागरण ● कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवेश कुमारी के मार्गदर्शन में स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण के माध्यम से बिंदुओं को जोड़ना, समुदाय को मजबूत बनाना व मानव तस्करी रोकने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। डा. अनिल कुमार ने छात्राओं को इस संबंध में जागरूकता के प्रसार की शपथ दिलाई। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने छात्राओं से समाज में बढ़ रही बलपूर्वक धोखाधड़ी व जबरन शोषण की प्रवृत्ति के प्रति सजग रहकर मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर राष्ट्र व समाज को सुरक्षित बनाने में योगदान देने का आह्वान किया और कहा कि छात्राओं को आगे आकर मानव तस्करी को रोकने के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस अवसर पर डा. यशपाल शर्मा, डा. अंजली यादव, डा. प्रदीप कुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

दैनिक जागरण 25/01/25

## विद्यार्थियों ने ली मतदान करने की शपथ



मतदान करने की शपथ लेती छात्राएं ● सौ. शिक्षक

संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली : कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश कुमारी व डा. यशपाल शर्मा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों के साथ टीचिंग व नान टीचिंग स्टाफ ने मतदान करने की शपथ ली। छात्राओं को शपथ दिलाने के उपरांत डा अनिल कुमार यादव ने कहा कि छात्राओं को शपथ के साथ-साथ मतदान के महत्व को समझाना चाहिए तथा अन्य को भी जागरूक करना चाहिए । निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने और शत प्रतिशत मतदान निश्चित करने के लिए छात्राओं को शपथ के साथ मतदान करने और करवाने में अपना योगदान देकर स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण में सहयोग करना चाहिए ।

अमर उजाला 25/01/25

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ




**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-15 द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। डॉ. प्रवेश कुमारी कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में एनएसएस की स्वयंसेवकों के साथ टीचिंग में नॉन टीचिंग स्टाफ ने शपथ ली और छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार यादव ने सभी को शपथ दिलाई और छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें शपथ के साथ-साथ मतदान के महत्व को समझना और समझना चाहिए। इस विषय पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने और 100 प्रतिशत मतदान निश्चित करने के लिए छात्राओं को शपथ के साथ मतदान करने और करवाने में अपना योगदान देकर स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें। डॉ. यशपाल शर्मा ने विभाग अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। संवाद

दैनिक भास्कर 25/01/2025

## मतदान का महत्व समझने और समझाने की शपथ ली

**नाहड़|** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-15 द्वारा 25 जनवरी को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के उपलक्ष्य में मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एनएसएस अधिकारी डॉ. परेश कुमारी के सौजन्य से आयोजित किया गया। इसमें एनएसएस स्वयंसेवकों व टीचिंग नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने शपथ ली। डॉ. अनिल कुमार यादव ने सभी को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें मतदान के महत्व को समझना और समझाना चाहिए। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने और सौ प्रतिशत मतदान निश्चित करने के लिए अपना योगदान देकर स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें। डॉ. यशपाल शर्मा ने भी सहयोग दिया।

अमर उजाला 28/01/2025

# पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में रेखा प्रथम, प्रियंका द्वितीय



प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थी पोस्टर बनाते हुए। स्रोत : कॉलेज

**कोसली।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान की तरफ से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई।

पोस्टर पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष से रेखा का प्रथम, बीए प्रथम से प्रियंका ने द्वितीय और एमए राजनीति शास्त्र के द्वितीय वर्ष से ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। , जिसका संचालन डॉ. योगेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को प्रो. बलबीर सिंह, डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ अनिल राव ने सम्मानित किया। संवाद

दैनिक भास्कर 28/01/2025

# कृष्ण नगर में छात्राओं को कियागया सम्मानित

**नाहड़ |** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर, कृष्ण नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत कविता तथा भाषण की प्रस्तुतियां दी।

इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में रेखा प्रथम, प्रियंका द्वितीय व ज्योति तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम संचालन डॉ. योगेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. यशपाल शर्मा डॉ. अनीता देवी व डॉ. आंबेडकर अंजली यादव ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। विजेता छात्राओं को प्रो.बलबीर सिंह, डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ.अनिल राव ने सम्मानित किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे



संविधान लोकतंत्र और स्वतंत्रता के महत्व को याद दिलाता है। इस दौरान अमीषा,मनीषा, रितु हिमांशी, चेतना, रेखा, पिंकी, ज्योति, कोमल ,महक उपस्थिति रही।

अमर उजाला 26/01/2025

# पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम स्थान पर

**संवाद सहयोगी, जागरण ● कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में राजनीति विभाग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में राजनीति शास्त्र से द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की अंजलि ने द्वितीय और एमए राजनीतिक



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते निदेशक व स्टाफ सदस्य ● सौ. शिक्षक

शास्त्र की द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में एमए राजनीतिक शास्त्र की प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल ने प्रथम, मीनाक्षी देवी द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रितिका व मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन डा योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा यशपाल शर्मा, डा. अनीता देवी व डा. अंजली यादव ने निभाई। विजेता छात्राओं को निदेशक प्रो बलबीर सिंह व डा. अनिल यादव ने सम्मानित किया। निदेशक प्रो बलबीर सिंह ने कहा कि यह दिवस युवा मतदाताओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

दैनिक जागरण 30/01/25

## रीजनल सेंटर में हुआ विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन

संस, जागरण • कोसली: कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में रसायन विभाग अध्यक्ष डा. यशपाल शर्मा के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र की व्यापकता को लेकर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से पधारे रसायन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डा. कर्ण सिंह ने रसायन शास्त्र पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रसायन विषय में रुचि लेने वाले युवाओं के लिए नई खोज और नए रोजगार के मार्ग हमेशा खुले रहते हैं। उन्होंने बताया कि दैनिक जीवन में खाना बनाते समय, दवाइयों का इस्तेमाल करते समय ,कपड़े बुनते समय तथा प्लास्टिक, धातु, सेरेमिक के उत्पादन में रसायन विज्ञान का सहारा लिया जाता है। युवाओं के लिए रसायन उद्योग, चिकित्सा और स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा उत्पादन और शिक्षा व अनुसंधान में रोजगार के बहुत अवसर होते हैं।

निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने कहा कि रसायन विषय युवाओं के लिए नए स्टार्टअप और नई स्किल के अवसर प्रदान करता है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर के साथ खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं। एसोसिएट प्रो डा. यशपाल शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं में जिज्ञासा और प्रोत्साहन के लिए विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन किया जाता है।

दैनिक भास्कर 30/01/25

## डॉ. कर्ण सिंह ने दिया रसायन विषय व्याख्यान



**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विवि का दक्षिण हरियाणा के एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में रसायन विभाग अध्यक्ष डॉ. यशपाल शर्मा के नेतृत्व में रसायन शास्त्र की व्यापकता को लेकर विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें इंदिरा गांधी विवि के रसायन विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ. कर्ण सिंह ने भाग लिया। उन्होंने रसायन शास्त्र पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रसायन विषय में रुचि लेने वाले युवाओं के लिए नई खोज और नए रोजगार के मार्ग हमेशा खुले रहते हैं। युवाओं के लिए रसायन उद्योग, चिकित्सा और स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा उत्पादन और शिक्षा व अनुसंधान में रोजगार के अवसर किस सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, पूजा यादव, सनीता यादव मौजूद रहे। रसायन विभाग विषय की नागार्जुन समिति ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट किया।

अमर उजाला 02/02/2025

## रीजनल सेंटर में प्रियंका ने दिया व्याख्यान



**कोसली।** महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में महिला सेल की इंचार्ज डॉ.अंजलि यादव के प्रयास से जेंडर सेंसटाइजेशन और प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट पर प्रो. प्रियंका लाम्बा ने विस्तार व्याख्यान दिया। बताया कि महिलाएं और छात्राएं सच्चाई के दायरे में रहकर संस्था की इंटरनल कमेटी को अपनी शिकायत कर सकती हैं लेकिन शिकायत गलत पाई गई तो जुर्माना शिकायत करने वाले पर भी लगेगा और दोषी माना जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने अभिनंदन करते हुए कहा कि छात्राओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए इंटरनल कमेटी का गठन संस्था में किया जाता है ताकि छात्राएं निर्भीक रहकर शिक्षा ले सकें और संस्था में छात्राओं को सर्वांगीण विकास का मौका मिले। संवाद

अमर उजाला 09/02/2025

## स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान



**कोसली।** सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के नए परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई- 15 की कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का कैंप लगाया गया। इसमें स्वयं सेविकाओं ने परिसर की सफाई की । उनके साथ प्रो. बलबीर सिंह, डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजलि यादव, ज्योति यादव, सविता यादव, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, रवींद्र, निर्मला, सुशीला आदि ने छात्राओं को प्रोत्साहित व प्रेरित करते हुए सभी के साथ मिलकर श्रमदान किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ मिलकर काम करना और कार्य का प्रबंध करके छात्राओं की क्षमता का विकास करना कैंप का उद्देश्य है। छात्राओं के श्रमदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण छात्राओं में निस्वार्थ काम करने का एक अलग ही उत्साह और अपनापन देखने को मिलता है। संवाद

दैनिक भास्कर 12/02/2024

# महिला विज्ञान नेतृत्व पर वेबीनार, स्टार्टअप की जानकारी दी

**नाहड़।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित रीजनल सेंटर में 'विज्ञान में महिलाएं और लड़कियां' अंतरराष्ट्रीय दिवस पर वेबीनार हुआ।

रसायन विभाग की नागार्जुना सम्[illegible] और विभागाध्यक्ष डॉ. [illegible] नेतृत्व में यह [illegible] का विषय [illegible]समें गुरु घासीदास केंद्रीय विवि, बिलासपुर की प्रो. डॉ. चारू अरोड़ा मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से छात्राओं को स्टार्टअप शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता मिलती है। इससे वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अनुसंधान को बढ़ावा दे सकती हैं। छात्राएं स्टैम और सीड विभागों से



संपर्क कर अपने स्टार्टअप शुरू कर सकती हैं। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं पारंपरिक ज्ञान और औषधीय पौधों के उपयोग से नए स्टार्टअप शुरू कर सकती हैं। डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. प्रदीप, पूजा यादव और सनिता यादव ने सहयोग दिया।

दैनिक भास्कर 03/02/2025

## महिला सुरक्षा पर व्याख्यान, छात्राएं इंटरनल कमेटी में दर्ज कर सकती हैं शिकायतें



**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित दक्षिण हरियाणा के एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर में \'जेंडर सेंसटाइजेशन और प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हासमेंट एक्ट' पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन \'वुमन सेल' की इंचार्ज डॉ. अंजलि यादव के प्रयास से हुआ। व्याख्यान में प्रो. (डॉ.) प्रियंका लाम्बा ने बताया कि महिलाएं और छात्राएं सच्चाई के दायरे में रहकर संस्था की \'इंटरनल कमेटी' को अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं, लेकिन यदि शिकायत गलत पाई गई तो शिकायतकर्ता पर जुर्माना लगाया जाएगा और उसे दोषी माना जाएगा। निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए \'इंटरनल कमेटी' के गठन को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. यशपाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. अनिल कुमार यादव और डॉ. प्रवेश कुमारी शर्मा ने सहयोग दिया।

दैनिक जागरण 03/02/2025

## कानूनी अधिकार के प्रति किया जागरूक



रीजनल सेंटर में छात्राओं को संबोधित करतीं डा. प्रियंका • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली :** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में महिला सेल प्रभारी डा. अंजलि यादव के मार्गदर्शन में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. डा प्रियंका लांबा ने विस्तार व्याख्यान देते हुए कहा कि महिलाएं और छात्राएं सच्चाई के दायरे में रहकर संस्था की आंतरिक कमेटी में अपनी शिकायत कर सकती है। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिकायत गलत पाई गई तो जुर्माना शिकायत करने वाले पर भी लगेगा और दोषी माना जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलवीर सिंह ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए संस्थान में आंतरिक कमेटी का गठन किया जाता है। इससे छात्राएं निर्भीक होकर शिक्षा ले सके और संस्थान में छात्राओं को सर्वांगीण विकास का मौका मिले। डा. यशपाल शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के विस्तार व्याख्यान से स्टाफ और छात्राओं को शिकायत से संबंधित पूर्ण जानकारी मिलती है। कार्यक्रम से संस्था का वातावरण सुखद बनेगा और समानता के अवसर को बल मिलेगा। डा. अनिल कुमार यादव और डा. प्रवेश कुमारी शर्मा सहित शैक्षिक और गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 09/02/25

## रीजनल सेंटर में एनएसएस की छात्राओं ने किया श्रमदान



कृष्णनगर स्थित रीजनल सेंटर में श्रमदान करती छात्राएं व स्टाफ सदस्य • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • कोसली:** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के सौजन्य से कार्यकारी अधिकारी डा. प्रवेश कुमारी के मार्गदर्शन में श्रमदान के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सेविकाओं ने परिसर को साफ-सुथरा और हरा- भरा बनाने के लिए श्रमदान किया। छात्राओं के साथ निदेशक प्रो. बलबीर सिंह, स्टाफ सदस्यों डा यशपाल शर्मा, डा. अनिल कुमार यादव, डा. अंजलि यादव, ज्योति यादव, सविता यादव, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, रवींद्र, निर्मला, सुशीला ने भी श्रमदान में भाग लिया।

निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का उद्देश्य छात्राओं की नेतृत्व क्षमता का विकास व मिलकर काम करने की भावना उत्पन्न करना तथा समाज के लिए एक अच्छा नागरिक तैयार करना है।

दैनिक भास्कर 09/02/2025

## रीजनल सेंटर कृष्ण नगर में स्वयं सेविकाओं ने किया श्रमदान



**नाहड़** | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के दक्षिण हरियाणा में एकमात्र सरकारी महिला रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के नए परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-15 ने एक दिवसीय कैंप लगाया। कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रवेश कुमारी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने परिसर को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने के लिए श्रमदान किया।

इस मौके पर प्रो. बलबीर सिंह, डॉ. यशपाल शर्मा, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. अंजलि यादव, ज्योति यादव, सविता यादव, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, रवींद्र, निर्मला और सुशीला ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि ऐसे कैंप से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और कार्य प्रबंधन का विकास होता है।

हरिभूमि 20/02/2025

# छात्राओं को गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र और रोजगार की दी जानकारियां

■ मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिताओं को बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर की छात्राओं ने बुधवार को विवि की ओर से आयोजित गणित विषय में रोजगार के अवसर व्याख्यान में भाग लिया। इस मौके पर छात्राओं ने रोजगार में गणित के व्यापक क्षेत्र की जानकारियां ली। कार्यक्रम का आयोजन भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गणित विभाग की ओर से विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से किया गया, जिसमें रीजनल सेंटर के गणित विभाग की अध्यक्ष सुनीता यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र और रोजगार की विस्तृत जानकारियां ली। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. जे एस कीरा थे। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिताओं को बताया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार शिवालिक यादव ने बताया कि गणित एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जिसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इस मौके पर छात्रा प्रियंका, साक्षी, सोनिका व बबीता ने गणित के क्षेत्र की व्यापकता व रोजगार के अवसर पर विचार रखे। इस अवसर पर निदेशक प्रो. बलबीर सिंह ने कहा कि छात्राएं गणित की लैब और गणित के व्यापक क्षेत्र पर इस प्रकार के व्याख्यान से जानकारियां लेकर अपने भविष्य का मार्ग आसानी से चयन कर सकती है।



रेवाड़ी। रीजनल सेंटर में जानकारी लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

दैनिक जागरण 20/02/2025

# रीजनल सेंटर में व्याख्यान का हुआ आयोजन



रीजनल सेंटर में व्याख्यान के दौरान छात्राओं को जानकारी देते वक्ता • सौ. शिक्षक

**संस, जागरण • कोसली :** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में छात्राओं ने गणित में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान में भाग लेकर गणित के व्यापक क्षेत्र की जानकारियां ली। कार्यक्रम का आयोजन भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के सहयोग से किया गया। रीजनल सेंटर कृष्ण नगर के गणित विभाग अध्यक्ष सुनीता यादव के नेतृत्व में गणित की छात्राओं ने गणित के व्याख्यान में भागीदारी कर गणित के बढ़ते व्यापक क्षेत्र की जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो डा. जेएस कीरा रहे। उन्होंने छात्राओं के साथ बातचीत करते हुए बहुत ही सरल भाषा में गणित की उपयोगिता के बारे में बताया।